हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 27 जून 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 36.2 डिग्री


4 न्याय संहिता के नए कानून त्वरित न्याय और निर्णय को देंगे बढ़ावा : देवेन्द्र





प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (3 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (3 years) | Ophthalmic ass. (1 years)
साय इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000


### ठगी के आरोप में पहले भी आरोपी जा चुका है जेल

# फर्जी दस्तावेज के सहारे 87 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

फर्जी दस्तावेज के आधार पर 87 लाख 60 हजार रूपए की ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलेश जैन उम्र 51 साल निवासी जशपुरनगर द्वारा 27 मार्च को भूमि स्वामी की भूमि का रजिस्ट्री कराने दिए गए रूपए वापस कराने बाबत लिखित शिकायत आवेदन पत्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर में प्रस्तुत किया था। आवेदक द्वारा प्रस्तुत शिकायत आवेदन पत्र की जांच पुलिस अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कराया गया। जांच पर अनावेदक अंकित ताम्रकार निवासी सन्ना रोड जशपुर द्वारा आवेदक कमलेश जैन के साथ भूमि का सौदा की बात को लेकर लाखो रूपए लेकर धोखाधड़ी कर ठगी करना पाए जाने से अंकित ताम्रकार निवासी सन्ना रोड जशपुर के विरूद्ध प्रथम दृष्टिया धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आवेदक, गवाहों के कथन एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रार्थी और आरोपी के मध्य भूमि क्रय-विक्रय की बातचीत हुई है। बातचीत में प्रार्थी द्वारा आरोपी से भूमि क्रय करने की इच्छा व्यक्त करने पर मनबोध महतो भूमि स्वामी की भूमि खसरा नबंर 613/1 की भूमि प्रार्थी को विक्रय किए जाने का सौदा किया गया। उक्त भूमि में प्रार्थी को आरोपी द्वारा दिखाई गई भूमि विक्रय हेतु प्रस्तावित स्थान से भिन्न भूमि है। यह तथ्य प्रार्थी को जमीन सबंधित दस्तावेजो में पाई गई भिन्नता के आधार पर प्रार्थी के कथन से स्थापित होता है। भूमि स्वामी अपने खसरा नबंर 613/1 के विक्रय की सहमति देकर आरोपी से सौदा किया था, अन्य भूमि के विक्रय का सौदा भूमिस्वामी द्वारा नहीं किया गया है। विक्रय की गई भूमि का मूल्य भूमिस्वामी को प्राप्त नहीं हुआ है भूमिस्वामी के परिवार के जिन सदस्यो से आरोपी द्वारा प्रार्थी से बातचीत कराना कहा गया है वैसा कोई परिवारिक सदस्य भूमिस्वामी मनबोध महतो के परिवार में नही है। आरोपी ने प्रार्थी से मनबोध महतो की भूमि क्रय-विक्रय के नाम से लाखों रूपये का ठगी किया गया है। अपराध धारा 467, 468, 471, 120 (बी) का भी अपराध घटित ⏭ शेष पेज 4 पर

- फतेहपुर के ईंट भट्ठे में छिपा था आरोपी


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पूर्व समय में की थी नकली जेवरात की ठगी

ठग अंकित ताम्रकार वर्ष 2023 में अपने साथियों के साथ मिलकर नकली जेवरात को असली सोना बताकर विक्रय करने के मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है। उक्त प्रकरण में इसके विरूद्ध थाना कुनकुरी के अपराध क्रमांक 84/23 धारा 420, 511, 34 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी जशपुर निरीक्षक रविशंकर तिवारी, ईश्वर प्रसाद वारले, हेमंत कुजूर, शोभनाथ सिंह, विनोद केरकेट्टा, रवि राम का सराहनीय योगदान रहा है।

### अन्य की तलाश

अंकित ताम्रकार शातिर किस्म का ठग है, पूर्व में इसके विरूद्ध थाना कुनकुरी में भी ठगी का मामला दर्ज किया गया है, इस प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम लगाई गई है, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

**शशि मोहन सिंह**
पुलिस अधीक्षक जशपुर


अवैध उत्खनन में लगे जब्त ट्रैक्टर।

# अवैध उत्खनन, परिवहन भण्डारण पर कार्रवाई

**जशपुरनगर।** जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के निर्देशानुसार एवं खनि अधिकारी जशपुर के नेतृत्व में खनि अमला द्वारा जशपुर जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र में मौका जांच किया गया। जिसमें खनिज रेत के अवैध उत्खनन कर परिवहन करते पाए गए वाहनों पर खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा में उल्लेखित प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। विगत 04 दिवस में खनिज रेत के अवैध परिवहन के 07 प्रकरण दर्ज किये गये है जिसमें 04 ट्रैक्टर पुलिस थाना लोदाम में, 02 ट्रैक्टर जशपुर में तथा 01 ट्रैक्टर पुलिस थाना कांसाबेल की अभिरक्षा में जप्ती किया जाकर रखा गया है। इसी प्रकार आगे भी जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण संबंधित मामले की नियमित जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। पर्यावरण विभाग द्वारा जारी गाइडलाईन के अनुसार वर्षा ऋतु (10 जून से 15 अक्टूबर 2024 तक) में राज्य की नदियों में रेत उत्खनन कार्य पर प्रतिवबंध लगाया गया है। अतः जशपुर जिले के लोगों से अपील की जाती है कि पर्यावरणीय नियमों का पालन करते हुए वर्षा ऋतु में नदी से रेत का उत्खनन, परिवहन कार्य बंद रखें।

- रेत के अवैध परिवहन पर 7 प्रकरण दर्ज
- नदियों में रेत उत्खनन कार्य पर लगाया है प्रतिबंध

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय जनता से रूबरू होंगे आज

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनता से रूबरू होकर 27 जून को उनकी समस्या का त्वरित निराकरण करेंगें। मुख्यमंत्री आमजनों से प्रत्येक गुरुवार “जनदर्शन” कार्यक्रम में जनता से मुलाकात करेंगें। यह कार्यक्रम हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय जनता से सीधे संवाद करेंगें और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगें। मुख्यमंत्री श्री साय 27 जून को “जनदर्शन”से मुलाकात कर उनकी समस्या से अवगत होंगे और नागरिकों की समस्याओं को सुनकर एवं उनके यथासंभव त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। इसके साथ ही जनता के सुझाव, शासकीय योजनाओं की उन तक पहुंच की जानकारी भी इस माध्यम से प्राप्त करेंगे।

### कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जशपुर में संचालित कोर्स मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत कौशल प्रशिक्षण दिया जाना है। इसमें रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स हेतु 25 सीट तथा इलेक्ट्रिशियन कोर्स हेतु 20 सीट के कौशल प्रशिक्षण हेतु इच्छुक आवेदक 30 जून 2024 तक जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जशपुर, डोड़काचौरा, गम्हरिया, केन्द्रीय विद्यालय के बगल में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। सीट की संख्या सीमित है। प्रथम उपस्थित होने वाले हितग्राहियों को प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक आवेदक दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक योग्यता 08वी, 10वीं, 12वीं प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि तक उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण लेने वाले आवेदकों के लिए विशेष सुविधा दी जाएगी। इनमें हॉस्टल सुविधा, सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाणिकरण उपरांत अच्छे कंपनी में नौकरी की सुविधा, पढ़ाई एवं प्रैक्टिल की उत्तम व्यवस्था एवं रोजगार अथवा स्वरोजगार हेतु सहयोग दिया जाएगा।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 1 जुलाई को

**जशपुरनगर।** रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर के द्वारा 01 जुलाई को 800 पदों हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा 600 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। जिसके अंतर्गत सिक्यूरिटी गार्ड के 300, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50, लेबर के 250 पद शामिल हैं। इसी प्रकार बाम्बे इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी इंडिया लिमिटेड भिलाई द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 01 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर में अपनी उपस्थिति दे सकते हैं। अभ्यर्थी अपने साथ शैक्षणिक योग्यता के संपूर्ण प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, 04 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयान कार्ड लाना अनिवार्य है।

# लो वोल्टेज से निजात पाने लगाया गया ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के निर्देशानुसार विद्युत विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में आंधी तूफान से बिजली आपूर्ति बाधित हो रहे समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। आम जनता को परेशानी ना हो इसके लिए बिजली विभाग के समुचित अमला निरंतर विभिन्न समस्याओं के निराकरण कार्य कर रहा है।

बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता एनआर भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों आंधी तूफान से नारायणपुर क्षेत्र का ट्रांसफार्मर टेक्निकल फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित हुआ था। जिसे सुधार कर बिजली आपूर्ति बहल कर दिया गया है जिससे क्षेत्र की जनता राहत महसूस कर रही है। इसी तरह कुनकुरी नगरीय क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या थी। 100 केवीए ट्रांसफार्मर कुनकुरी हॉस्पिटल के पास लगा दिया गया है। ट्रांसफार्मर लगने से लो वोल्टेज की समस्या एवं ओवरलोड की समस्या दूर होगी।

- नारायणपुर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल



### स्वामी आत्मानंद नवीन आदर्श विद्यालय में रिक्त सीटों के लिए आवेदन 10 जुलाई तक

**जशपुरनगर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श विद्यालय जशपुर के हिन्दी और अंग्रेज़ी माध्यम में रिक्त सीटों में कक्षा 9 वीं और 11 वीं हेतु आज 26 जून से आवेदन पत्र जमा किए जा रहे है। इस बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि हिन्दी माध्यम कक्षा 9 वीं में बालक 14 और बालिका 12, तथा कक्षा 11 वीं में गणित में बालक 10, और 11 वीं कला विषय में बालक 18, बालिका 6 के रिक्त सीटों पर हिन्दी माध्यम विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा। अंग्रेज़ी माध्यम में कक्षा 11वीं में गणित संकाय में बालक और बालिका दोनों के 3-3 सीट रिक्त है। अंग्रेज़ी माध्यम में कक्षा 11वीं वाणिज्य में 1 सीट बालक के लिये तथा 3 सीट बालिका के लिए रिक्त है। प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक है। संस्था के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा 12 जुलाई को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक स्वामी आत्मानंद विद्यालय में आयोजित कराई जाएगी जिसमें पिछली कक्षाओं के सभी विषयों के वस्तुनिष्ट अथवा लघु उत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे। मेरिट सूची के आधार पर विद्यार्थियों को रिक्त सीट में प्रवेश दिया जाएगा।

# झूठा प्रचार कर केन्द्र की सत्ता हड़पना चाहती है कांग्रेसः लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

देश पर आपातकाल थोप कर,देशवासियों के संवैधानिक और मानवाधिकारों का अपहरण करने वाले कांग्रेसी आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि धूमिल करने के लिए संविधान बदलने का हौव्वा खड़ा कर रहें हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम ने देश भर में यह झूठा प्रचार किया,इसके बाद भी देश की जनता ने एनडीए को पूर्ण बहुमत देकर,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास जताया है।

छत्तीसगढ़ की महिला एवं बालविकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उक्त बातें कही। वे मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में आयोजित आपातकाल की बरसी के अवसर पर आयोजित काला दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रही थी। अपने संबोधन में मंत्री राजवाडे ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान संजय गांधी ने जबरन नसबंदी कराने जैसा जघन्य पाप किया था। लोगों को बिना किसी कारण के काल कोठरी में बंद करके यातनाएं दी गई थी।

मिडिया हाउस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। मीसा एक्ट की आड़ में पूरे देश में राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी ने दमन चक्र चलाया था। देश के इतिहास का ऐसा भयंकर काला इतिहास रचने वाले कांग्रेसी आज संविधान बदलने,आरक्षण खत्म करने और मताधिकार छिनने जैसी झूठे प्रचार के बूते सत्ता हथियाने का सपना देख रहें है। जो कभी पूरा नहीं होगा।

***जशपुर की विधायक रायमुनि भगत*** ने कहा कि आपातकाल,स्वतंत्र भारत का सबसे काला अध्याय है। देश पर जबरन थोपा गया था। तात्कालिन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरागांधी ने सिर्फ अपनी सत्ता बचाने के लिए इसे देश की जनता पर ना केवल लादा था अपितु उन पर भयंकर अत्याचार किया था। आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में भी श्रीपाल जैन जैसे वरिष्ठजन हमारे बीच में,कांग्रेस के काला अध्याय के गवाह ⏭ शेष पेज 4 पर

- आपातकाल की बरसी को भाजपा ने मनाया काला दिवस
- मीसाबंदी श्रीपाल जैन व अन्य को किया गया सम्मानित



कार्यक्रम को संबोधित करतीं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े।

### मीसाबंदी श्रीपाल जैन हुए सम्मानित

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित काला दिवस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शहर के वरिष्ठ नागरिक और आपातकाल के दौरान मीसाबंदी रहे श्रीपाल जैन व अन्य को साल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान श्रीपाल जैन ने आपातकाल के दौरान हुए जेल से जुड़ी स्मृतियों को साझा किया।

# सब्जी बीज, फलदार पौधे व मिनीकिट निःशुल्क वितरित

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन योजना अंतर्गत जशपुर जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगो को लाभान्वित करने बगीचा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पीएम जनमन प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान अंतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के हितग्राहियों की आवश्यक तात्कालिक गतिविधियों जिसमें आधार खाता, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, पीएम किसान सम्मन निधि, केसीसी, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के ⏭ शेष पेज 4 पर

- पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय को लाभान्वित


पौधा वितरण करते वन विभाग का अमला।

## स्कूल खुलने पर बच्चों के चेहरे पर दिखी खुशी, लौटी रौनक

# सरकारी स्कूलों में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरूआत आज से हो गई है। इसी के साथ छात्र-छात्राओं की इंतजार की घड़ी खत्म हो गई है। जशपुर सहित प्रदेश भर में स्कूल खुलने के साथ ही स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। पहले दिन बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

जशपुर जिले के कांसाबेल तहसील अंतर्गत खुटेरा, बटइकेला के प्राथमिक, माध्यमिक हाई स्कूल में स्कूल प्रवेश उत्सव मनाया गया। यहां आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में बगीचा एसडीएम ओंकार यादव ने शामिल होकर नव प्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस उन्होंने सभी बच्चों को कॉपी-किताब और पेन दिए।

लंबे अंतराल के बाद जब नन्हें-मुन्हे बालक-बालिका स्कूल पहुंचे तो रौनक लौट आई है। स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के समूह द्वारा सभी छोटे बच्चों का मुख्य द्वार पर ही टीका लगाकर,स्वागत किया गया। प्रवेशोत्सव में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया।नए सत्र के लिए सीएम श्री साय ने स्कूली बच्चों को दी शुभकामनाएं। स्कूल खुलने से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने पर स्कूली बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवार का और पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं दी, जो पहली बार स्कूल पहुंचे है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शिक्षकों भी संदेश दिया।

**खास बात**
- छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत
- नव प्रवेशी बच्चों को बांटी गई कॉपी-किताब व पेन


कॉपी किताब पेन वितरण करते शिक्षक।

### डीपीएस हायर सेकेंडरी व डीपीएस प्रायमरी बालाजी में मना शाला प्रवेशोत्सव

**जशपुरनगर।** बुधवार 26 जून को स्कूलों की गर्मी की छुट्टियां समाप्त हो गईं। यहां के डीपीएस हायर सेकेंडरी एवं डीपीएस प्रायमरी बालाजी में विद्यार्थियों के आगमन के साथ ही नवीन शिक्षण सत्र का प्रारंभ हो गया। दोनों स्कूलों में छुट्टियों के बाद प्रथम दिवस विद्यार्थियों का तिलक लगाकर प्रवेश करवाया गया। वहीं स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों से शैक्षिक संवाद कर विद्यार्थियों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय शुरू होने के पहले दिन विद्यार्थियों में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। नए शिक्षा सत्र के पहले दिन प्रवेश उत्सव को लेकर दोनों स्कूलों में तैयारियां की गई थीं। स्कूल को रंग-बिरंगे बैलून से सजाकर बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर, बालिकाओं को कुमकुम की बिंदी लगाकर उनका स्वागत किया गया। जिसके बाद वेलकम सॉन्ग हुआ और नियमित प्रेयर के बाद कक्षाओं में पढ़ाई हुई।


नवप्रवेशी बच्चे का तिलक लगाकर अभिनंदन।

### शांति भवन स्कूल मे शाला प्रवेश

**जशपुरनगर।** संत जेवियर्स स्कूल शांति भवन में शाला प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ 26 जून 2024 को मनाया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन किया गया तथा शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने एवं प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वागत गान और शिक्षकों द्वारा किया गया नृत्य मनमोहक था। सभी विद्यार्थियों को माथे पर तिलक लगाकर एवं गुलदस्ता देकर उनका भव्य स्वागत किया गया। कुछ प्रतिनिधि बच्चों को पाठ्य पुस्तक प्रदान कर स्कूल का मोनो ज्ञान से प्रज्वलित को सार्थक बनाया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक फादर फुलजेन्स एक्का, हिन्दी माध्यम के प्राचार्य फादर अलेक्स लकड़ा एवं अंग्रेजी माध्यम के प्राचार्य फादर अजय केरकेट्टा, समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण मौजूद थे। स्कूल प्रबंधक फादर फुलजेन्स एक्का के द्वारा बच्चों को लक्ष्य, एकता में बल एवं अनुशासन पर अनेक संदेश दिए।



### चराईडांड में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश अनुसार बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चराईडाड़ में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। 9 प्रवेशित बच्चों को तिलक व चंदन लगाने के बाद किताब वितरण कर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। इस प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि श्रीमती उर्मिला देवी बीडीसी जनपद पंचायत दुलदुला विशिष्ट अतिथि सरपंच किशोर लकड़ा और अभिभावकगण ग्राम के प्रमुख गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।



26-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/26/2024 7:39 PM Page 1



खबर संक्षेप



## खैरबार को वन ग्राम से राजस्व ग्राम बनाने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** खैरबार ग्राम पंचायत को वन ग्राम से राजस्व ग्राम बनाने की मांग की गई है। इस संबंध में भाजपा नेता जितेंद्र सोनी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौपा है। 24 जून को सरगुजा प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन सौपते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी ने बताया कि खैरबार ग्राम पंचायत पहले वनग्राम था। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इसे राजस्व ग्राम बनाने की 2015 में घोषणा की थी लेकिन इसी बीच सत्ता परिवर्तन हो गया। सत्ता परिवर्तन के साथ आज 9 वर्ष बाद प्रशासनिक प्रक्रिया में आज भी राजस्व ग्राम अस्तित्व में नहीं आया है। जिसके कारण ग्राम वासियों को कई समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसी व्यक्ति द्वारा अपनी जमीन को बेचा नहीं जा सकता, घर बनाने व अन्य कार्य हेतु कर्ज नहीं ले सकता, जाती, निवास प्रमाण पत्र तक बनाने में दिक्कत आती है। नक्शा काट पाना संभव नहीं है, ऑनलाइन नक्शा उपलब्ध नहीं है, ग्राम पंचायत का प्रथम प्रकाशन हो गया है जिसमें 144 आपत्तियां हैं। उन्होंने ने सीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनी है और खैरबार के निवासियों को भरोसा है कि प्रशासनिक प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर ग्राम पंचायत खैरबार को जल्द से जल्द राजस्व ग्राम का दर्जा मिल जायेगा। सीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द प्रक्रिया को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया है।

## प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए सरगुजा के 39 स्काउट्स एवं गाइड्स



**अंबिकापुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा 19 से 23 जून तक पर्वतारोहि व्यक्तित्व विकास एवं ट्रैकिंग शिविर का आयोजन राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र मध्यप्रदेश के पंचमढ़ी में किया गया। पांच दिवसीय शिविर में सरगुजा जिला संघ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 39 सदस्य शामिल हुए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संगठन आयुक्त योगेश विश्वकर्मा ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग से अनुदान प्राप्त ई एवं टी सवर्ग के शासकीय विद्यालयो में अध्ययनरत सीनियर स्काउट्स, गाइड्स एवं रोवर्स, रेंजर्स के लिए शिविर आयोजित किया गया था जिसमें सरगुजा जिले में संचालित विद्यालयो से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सरगुजा के ब्लॉक अम्बिकापुर से 19 सीनियर स्काउट्स-गाइड्स, ब्लॉक सीतापुर से 3 सीनियर स्काउट्स, ब्लॉक उदयपुर से 2 स्काउट्स, ब्लॉक लुंड्रा से 4 गाइड्स एवं पूरे जिले से 7 सीनियर रोवर्स-रेंजर्स सहित 4 प्रभारी स्काउटर-गाइडर हुये शामिल। जिले से गाइड प्रभारी के रूप में सीनियर गाइडर अरुणा टोप्पो, शिखा पाण्डेय, स्काउट प्रभारी के रूप में एल्युश लकड़ा, अनिल बरवा के नेतृत्व में स्काउट्स-गाइड्स शामिल हुए। शिविर में शामिल सभी प्रतिभागियों को सरगुजा जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन स्काउट कमिश्नर अशोक कुमार सिन्हा, जिला सचिव महेंद्र सिंह, जिला प्रशिक्षक मनीष गुप्ता के साथ जिले के स्काउट्स पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं।

## गौ मांस के साथ ग्रामीण गिरफ्तार दो अन्य आरोपी हुए फरार



**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस ने मंगलवार को एक अधेड़ उम्र के ग्रामीण को गौ मांस के साथ गिरफ्तार किया है ,मामले में शामिल दो अन्य आरोपी फरार बताए गए हैं।पुलिस ने बताया कि हिंदू संगठनों से जुड़े युवकों ने दतिमा में एक ग्रामीण के घर स्थित गौ मांस बनने की सूचना पुलिस को दी थी, सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस संबंधित ग्रामीण के घर पहुंची तो उक्त घर में मांस पकाने की तैयारी चल रही थी।पुलिस ने आरोपी ग्रामीण लक्ष्मी प्रसाद सारथी पिता चंदन सारथी 50 वर्ष निवासी ग्राम दतिमा को हिरासत में लेकर पूछताछ की ,इस दौरान उसने बताया कि झूमरपारा निवासी दूध प्रसाद घसिया ने उसे उक्त गौ मांस लाकर दिया था, पूछताछ में ग्रामीण ने अपने एक अन्य सहयोगी दतिमा निवासी हीरालाल घसिया का भी नाम घटना में शामिल होना बताया है जो कि दोनों फरार बताए गए हैं।फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद स्पष्ट होगा की उक्त गौ मांस कैसे और कहां से लाए थे। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 153 ए, 295 ए के तहत अपराध दर्ज कर पकड़ में आए आरोपी लक्ष्मी प्रसाद सारथी आ. चंदन सारथी को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।

## कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम मेवाडांड़ निवासी सुरेश सिंह आ. स्व. मतवार सिंह (50 वर्ष) 13 जून अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ दिन उपचार कराने के बाद परिजन स्वास्थ्य में सुधार होने पर घर लेकर चले गए। इसी बीच रविवार को पुनःतबीयत बिगड़ने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### ग्राम पंचायत भुषु का मामला, ग्रामीणों ने तैयार किया पंचानामा

# सरपंच ने बेच दिए गौठान में लगे शेड, सबमर्सिबल पंप व सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार में बनाए गए गौठानों की हालत बदतर हो चुकी है। देखरेख के अभाव में गौठान जर्जर हो गए है लेकिन इन सब के बीच एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। गांव के सरपंच ने गौठान में लगे सामानों को बेच दिया। सरपंच ने गौठान में लगे शेड, पाइप, पंप व अन्य सामानों को औने पौने दामों में बेच दिया। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब लोग गौठान का सामान खोलकर लेकर जाने लगे। ऐसे में ग्रामीणों ने सरपंच को घेर लिया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है और उन्होंने इस मामले में दोषी सरपंच व सचिव पर मिलीभगत का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद पूरा गौठान वीरान और उजाड़ पड़ा हुआ है। यह पूरा मामला विकासखंड के ग्राम पंचायत भुषु का बताया जा रहा है। बता दें कि पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरुवा, घुरुवा और बाड़ी के तहत गांव गांव में गौठानों का निर्माण किया गया था। लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए गौठान का उद्देश्य पशुधन संरक्षण व संवर्धन को बढ़ावा देना था इसके साथ ही पशुपालकों से गोबर खरीदी कर जैविक खाद बनाने का काम किया जा रहा था। गौठानों के माध्यम स्वयं सहायता समूहों के जीविकोपार्जन हेतु अनेकों कुटीर उद्योग भी लगाए गए लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए गौठान वीरान पड़े है। देखरेख के आभाव में बेकार पड़े गौठान का फायदा गांव के सरपंच ने उठाया। आरोप है कि सरपंच ने गौठानों में रखे सामानों को बेचना शुरू कर दिया था और धीरे धीरे कर वही गौठान के सभी सामान बेच रहा था। इस दौरान गौठान में लगे सीमेंट के शेड, लोहे का पाइप, सबमर्सिबल पंप को उसने किसी को बेच दिया। जब उक्त व्यक्ति सरपंच की मौजूदगी में सामान निकालकर लेजा रहा था तो ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया।

**खास बात**

- एक माह बाद भी नहीं किया पुन: निर्माण



उजाड़ गोठा, इनसेट में सरपंच से जब्त सामग्री।

### एक महीने में सामान लौटाने का दिया था आश्वासन

गौठान का सामान बेचने का विरोध करते हुए इसे गैरकानूनी बताया। ग्रामीणों का आक्रोश देखते हुए सरपंच ने उन्हें एक माह में सामान वापसी व गौठान को पुनः ठीक करने का आश्वासन दिया। ऐसे में ग्रामीणों की मौजूदगी में 14 मई को पंचनामा तैयार किया गया। पंचनामा में 40 नग शीट,14 नग पाइप को सरपंच द्वारा अपने घर लेजाने की बात स्वीकार की गई और एक माह में पुनः गौठान निर्माण का वादा किया गया। अब ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच द्वारा दिए गए समय अवधि में ना ही गौठान का निर्माण किया गया और ना ही सामान लौटाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे मामले में सचिव ने भी चुप्पी साध ली है। ऐसे में ग्रामीण सचिव की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे है।

### किसानों के लाखों रुपए फंसे

गौठान में जैविक खाद बनाने के लिए गांव के किसानों से गोबर की खरीदी की गई थी। गांव के कई किसानों ने इस उम्मीद के साथ गोठान में अपना गोबर बेचा था कि इसके बदले उन्हें अच्छी खासी कमाई हो जाएगी लेकिन किसानों की उम्मीद पर पानी फिर गया। सरपंच सचिव की लापरवाही के कारण गांव के पंकज यादव, उमेश यादव, दिनेश यादव, हरि यादव समेत अन्य किसान के पैसे डूब गए। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार सरपंच सचिव से अपने गोबर के पैसों की मांग की लेकिन सरपंच और सचिव ने उनकी बात नहीं सुनी और राशि का भुगतान नहीं किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच को नशे की लत है और अक्सर वह शराब के नशे में रहता है और अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए ही उसने गौठान के सामान को बेच दिया। इसके साथ ही उन्होंने गोबर की राशि को भी गबन करने का आरोप लगाया है।

### की जाएगी जांच

इस मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद जो भी दोषी पाए जाते हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

**-एस के मरकाम**
सीईओ जनपद पंचायत



## चोरी के तीन अलग-अलग मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

चोरी की तीन अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी की गई एसी कॉपर, सौर ऊर्जा कॉपर तार व बाइक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

मानपुर निवासी रमाकांत यादव ने 24-25 अप्रैल की रात कुटुम्ब न्यायालय भवन से 3 एसी का कॉपर पाईप अज्ञात द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं दूसरे मामले में 21 जून को भैयाथान रोड निवासी राकेश महराज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया 20 जून को कुटुम्ब न्यायालय भवन के ऊपर छत में लगे सौर ऊर्जा का कॉपर तार को अज्ञात लोगों चोरी कर ले गया है। तीसरे मामले में 23 जून को ग्राम साल्ही रामानुजनगर निवासी निलेश कुमार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 फरवरी दोस्त की शादी में शामिल होने के दौरान उसके बाइक को चोरों ने ग्राम देवीपुर से पार कर दिया है। पुलिस ने तीनों मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि जेल पारा का मुजफ्फर खान व मस्जिदपारा का सोहेल खान दोनों एसी कॉपर पाइप व सौर ऊर्जा का कॉपर तार बेचने के फिराक में है। पुलिस ने दोनों को पकड़ पूछताछ किया तो दोनों ने कुटुम्ब न्यायालय से एसी कॉपर पाइप तथा सौर ऊर्जा का कॉपर तार चोरी करने की बात बकूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर एसी कॉपर पाईप, सौर ऊर्जा का कॉपर तार, घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड, कटर एवं बाइक जब्त किया। आरोपी जेलपारा निवासी मुजफ्फर खान आ. अब्दुल हुसैन (27 वर्ष) व मस्जिद गली निवासी सोहेल खान उर्फ शानू आ. शाहजहां खान (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। वहीं तीसरे मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाइक बेचने की फिराक में बस स्टैण्ड में घुम रहे कौशल कुमार टान्डिया को पकड़ा। आरोपी ने बताया कि फरवरी में ग्राम गोरता लखनपुर में अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गया था रात में पैदल शादी से मानी जोबगा केतका होते हुए वापस आ रहा था तभी ग्राम देवीपुर में शादी वाले घर के बाहर बाइक को चोरी कर ले गया था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई बाइक बरामद कर लिया।

## स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती माताओं को मिल रही सोनोग्राफी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैयाथान, ओड़गी, प्रतापपुर, रामानुजनगर में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा का सफलतापूर्वक संचालन की जा रही है। इस तारतम्य में आज सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना के अंतर्गत सभी चिन्हिंकित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में 100 हितग्राहियों का निःशुल्क सोनोग्राफी सेवा प्रदान की गई। शासकीय संस्थानों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा उच्च जोखिम गर्भवती एवं गर्भस्थ शिशु में जन्मजात विकृति की पहचान करने में कारगर साबित हो रही है ताकि संबंधित मरिजों को समय पर उपचार प्रदान की जा रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी की सुविधा होने से दूरस्थ अंचल में रहने वाले गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधा में बडी राहत है। इससे मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी, साथ ही समय एवं आर्थिक हानि होने से भी उनको बचाया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैयाथान में 28, ओड़गी में 22, प्रतापपुर में 32 एवं रामानुजनगर में 18 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया। दूरस्थ अंचलों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से लोगों में हर्ष व्याप्त है।



## तीन महीने बाद लौटी कन्हर नदी की धार, भीषण जल संकट से जूझ रहे लोगों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

तीन महीने पूर्व क्षेत्र की जीवनदायिनी कन्हर नदी के सूखने से भीषण जल संकट का सामना कर रहे नगरवासियों को नदी की धार शुरू होने के कारण भारी राहत मिली है। मानसून की पहली वर्षा के बाद कन्हर नदी की धार बीती रात शुरू हुई तथा एनीकट में नदी का पानी पहुंच गया है। कन्हर नदी में पानी आने से जल स्तर में सुधार होगा वहीं नगर पंचायत की जलप्रदाय व्यवस्था अब बाधित नहीं होगी।

- नदी के बीच रेत में डबरी बनाकर नपं करा रहा था पानी की आपूर्ति

अप्रैल माह के पहले सप्ताह में ही कन्हर नदी पूर्णतः सूख गई थी जिसके बाद से नगर में लगातार जल संकट गहराते जा रहा था। स्थिति यह हो गई थी कि मई के दूसरे पखवाड़े एवं जून के प्रथम पाखवाड़े में पानी के लिए नगर में हाहाकार मच गया। जैसे-तैसे नगर पंचायत द्वारा नदी में डबरी खोदकर जल आपूर्ति की गई। पानी की कमी होने के कारण पहले पखवाड़े से ही एक दिन लोगों के लिए भारी पड़ रहा था। प्रतिदिन नगर के कुएं एवं हैंडपंप सूखते जा रहे थे। कई हैंडपंप, कुंए ऐसे थे जो अब तक नहीं सूखे थे वह भी सूख गए। नगर पंचायत द्वारा सुबह से लेकर देर शाम तक टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही थी। इस बीच बीबी मध्य रात्रि एनीकट तक पानी पहुंचने से लोगों ने राहत की सांस ली। कन्हर नदी गंगा के समान उत्तरवाहिनी है। कन्हर नदी के प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था जुड़ी है। नदी में 84 दिन बाद जब पानी पहुंचा तो मंगलवार को सुबह से ही पूजा अर्चना करने के लिए लोगों की भारी भीड़ कन्हर नदी पर उमड़ी।

खुड़िया के पठार से निकलती कन्हर जिले की सबसे बड़ी नदियों में से एक कन्हर नदी तीन राज्य के लोगों की जरूरतें पूरी करती है। यह जशपुर के खुड़िया पठार से निकलकर सोनभद्र जिले में सोन नदी में मिलती है। सोन का पानी आगे चलकर गंगा नदी में मिलता है। कन्हर नदी के सूखने से छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के सरहदी क्षेत्र का जलस्तर काफी नीचे चला गया था। कन्हर में पानी आने से रामानुजगंज सहित सरहद पर बसे छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के लोगों ने राहत की सांस ली है।



## प्रशासनिक टीम ने शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने की लगी होड़ लग गई है। आज प्रशासनिक टीम ने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर कब्जा मुक्त कराया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में शासकीय राजस्व भूमि पर अवैध रूप से बन रहे मकान पर कार्रवाई करते हुए रामजीत यादव के घर को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। बताया जा रहा है कि आसपास बने कई मकान जो शासकीय भूमि पर बने है उसे नहीं हटाया गया है। सिर्फ एक मकान को गिराने पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने बताया कि व्यक्तिगत तरीके से एक मकान पर कार्रवाई कर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है। जबकि शासकीय भूमि पर कई लोग अतिक्रमण किए हुए हैं।लंबे अरसे के बाद में इस तरह की कार्रवाई होने से हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में तहसीलदार पुष्पराज पात्र ने बताया कि शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों पर नोटिस जारी की गई है। लगातार कार्रवाई होगी।



### शासकीय भूमि से हटेंगे अतिक्रमण

जहां-जहां शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हुआ है सभी अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाएगा। कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अतिक्रमण कर बनाए घर को तोड़ा जाएगा।

**-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर**

## रामानुजनगर के आधा दर्जन स्कूल भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

बच्चों के उज्जवल भविष्य हो और बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सके इसके मद्देनजर शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। बच्चों में पढाई के प्रति रूचि बढ़े इसके लिए बस्ता, कापी-किताब के अलावा अन्य संसाधन उपलब्ध कराई जाती है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था है परंतु बच्चे जिस भवन में पढाई करते है उस भवन की हालत काफी दयनीय हो गई है। आज से नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने वाला है लेकिन कहीं विद्यालय की दीवार में दरार तो कहीं छत का प्लास्टर उखड़ा हुआ है। ऐसे में जर्जर भवन में स्कूल संचालन होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**खास बात**

- मरम्मत के अभाव में गिर रहे छत प्लास्टर, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

विकासखंड रामानुजनगर क्षेत्र में नया शिक्षा सत्र वर्ष 2024-25 का 26 जून से होने वाला है। लेकिन आज भी विकासखंड के कई विद्यालय ऐसे है जो मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हालत में हैं। वहीं दीवार में दरारें पड़ गई है तो कहीं छत का प्लास्टर उखड़ा है ऐसे में छत से पानी टपकता है और दीवारों से पानी सिपेज करता है। स्कूल भवन की मरम्मत लंबे समय से नहीं होने से भवन कमजोर हो गई है जो गिरने की स्थिति है। जर्जर स्कूल भवन कई वर्षों से जीर्णोद्धार के लिए तरस रही है।प्रशासनिक उदासीनता रवैया के कारण स्कूल भवन की हालत ऐसी हो गई जिसका खामियाजा विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। विकासखंड में कई स्कूल भवन के काफी जर्जर हो जाने के कारण स्कूल का संचालन बंद कर दूसरे भवन में किया जा रहा है। इसके अलावा कहीं पर विद्यालय दो पाली में संचालित है तो है कहीं स्कूल ही दूर है। दो पाली में स्कूल संचालन होने से समय की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती होती जबकि विद्यालय दूर होने के कारण छोटे बच्चों को पैदल ही चल कर लंबी दूरी तय करना पड़ता है। विखं रामानुजनगर में जहां कई ऐसे विद्यालय हैं जो जर्जर की स्थिति में है जिस कारण कई वर्षों से जर्जर स्कूल का संचालन बंद कर दूसरे स्कूल भवन में किया जा रहा है।



## मारपीट से घायल ग्रामीण की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** ग्राम जजगा निवासी इंदर कुजूर (40 वर्ष) कुछ माह से पत्नी सुनीता कुजूर के साथ मठपारा में अपने ससुराल में रह रहा था। पति-पत्नी शराब पीने के आदि थे और अक्सर नशे की हालत में विवाद करते थे। बीती रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया मारपीट होने लगी। इसी बीच मारपीट से इंदर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र लेकर पहुंचे जहां कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। वहीं पुलिस ने संदेह के आधार पर पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

## स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सोनी, राकेश महासचिव

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता व अधिक्वता डॉ. डीके सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राकेश सोनी प्रदेश महासचिव बनाए गए है। बता दें कि पिछले दिनों हरियारण के फरीदाबाद स्थित राजस्थान सेवा सदन में स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंदर वर्मा का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्होंने अपना त्यागपत्र दिया। इसके साथ ही बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला स्तरीय कार्यकारणी का चुनाव पुनः कराया गया। बैठक में सर्वसम्मति से दिल्ली निवासी सुरेंद्र वर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष व चंडीगढ़ के सतीश कुमार सोनी को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। इसी तरह अधिक्वता डॉ. डीके सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष तथा राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। अधिक्वता डॉ. सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ में अहम भूमिका निभाने के चलते प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राकेश सोनी द्वारा भी स्वर्णकार हित में कार्य करने के कारण प्रदेश महासचिव बनाया गया है। डॉ.डीके सोनी प्रदेश अध्यक्ष एवं राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव बनने पर उन्होंने राष्ट्रीय संगठन को धन्यवाद दिया है तथा प्रदेश में स्वर्णकार हित में कार्य करने को हमेशा अग्रसर रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि स्वर्ण कला बोर्ड का गठन छत्तीसगढ़ राज्य में करने के साथ ही प्रदेश एवं संभाग स्तरीय स्वर्णकार भवन के निर्माण करने की भी प्रक्रिया करने का प्रयास किया जाएगा। डॉक्टर डीके सोनी को प्रदेश अध्यक्ष बनने तथा राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव बनने पर समाज के लोगों में खुशी की लहर है। प्रदेश महासचिव राकेश सोनी के द्वारा राष्ट्रीय महासचिव व अध्यक्ष की अनुशंसा से छत्तीसगढ़ प्रदेश में अन्य पदाधिकारी की भी नियुक्ति की गई है जिसमें प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, प्रदेश संगठन महामंत्री राजू सोनी तथा संभागीय स्तर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर सोनी संतोष सोनी, अखिलेश वर्मा, रितेश वर्मा, राजेश सोनी, कैलाश सोनी, प्रदेश सचिव अजय सोनी, नीलकमल सोनी, अंकित कुमार शाह, दीपक सोनी तथा महिला विंग में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नीलम सोनी, प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती सीमा सोनी, प्रदेश महासचिव प्रीति सोनी की नियुक्ति की गई है।




## एसईसीएल खदान से पाइप चुराकर बेचने ले जा रहे आरोपी कबाड़ी मौक़े से फ़रार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सोमवार की देर शाम बिश्रामपुर प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे रास्ते से शिवनंदनपुर के कबाड़ चोर युवक एसईसीएल खदान क्षेत्र में लगे लोहे की पाइप को चोरी कर कबाड़ी के पास विक्रय के लिए इतवारी बाजार स्थित कबाड़ दुकान ठेले में रख कर पहुँचा रहे थे,इस दौरान मुखबिर की सूचना पर एसईसीएल कम्पनी सुरक्षा कर्मी व त्रिपुरा बटालियन की संयुक्त टीम के मौक़े पर पहुँचने पर आरोपी कबाड़ चोर युवक ठेला छोड़कर भाग निकले ।गश्ती टीम ने ठेले में लोड आधा दर्जन से अधिक की संख्या में लोहे के पाइप को जप्त कर अपने कब्जे में ले लिया है।बता दें कि वर्तमान में खदान क्षेत्रो में कबाड़ चोरों ने लगातार आतंक मचाया हुआ है।तथाकथित पुलिस विभाग से मिली हरी झंडी के कारण नगर में कबाड़ी बकायदा अपने घर मे टीना - टप्पर व प्लास्टिक ,कार्टून गत्ता खरीदने की आड़ में खदानों के भीतर घुसते हैं और यहाँ से चोरी कर लाए लोहे व ताम्बा के सामान व मशीनी उपकरणों की खुलेआम खरीदी बिक्री होती है इतवारी बाज़ार में होती है।दिन रात लोहे ताम्बा के कबाड़ उपकरणों की खरीदी होने पर सुबह तड़के सरगुज़ा के अम्बिकापुर अथवा सूरजपुर शहर में पिकअप वाहन में लोड कर कबाड़ व मशीनी उपकरणों को बड़े स्तर के कबाड़ियों को खपाया जा रहा है।

- एसईसीएल की संयुक्त सुरक्षा दल ने दबिश देकर चुराया हुआ सामान किया जब्त



26-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/26/2024 7:38 PM Page 1





# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

लाइफ Style

# जाह्नवी बुरी तरह हुईं ट्रोल



जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।

एजेंसी ⏭ मुंबई


इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'

## हॉलीवुड मसाला




# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।




# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑस्ट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।



# '35 चिन्ना काड़ू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काड़ू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काड़ू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

# करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का



अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।



# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।

# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

## 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

## लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।



**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।

**खबर संक्षेप**



## संस्कार स्कूल की यामी कत्थक में ओवर ऑल बेस्ट

**रायगढ़।** ओड़िशा के जगन्नाथपुरी में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जहां संस्कार पब्लिक स्कूल की क्लास 1 की नन्हीं छात्रा यामी वैष्णव ने शानदार प्रस्तुति कर ओवर ऑल बेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि जोड़ी के साथ नृत्य में द्वितीय स्थान दीप देववंशी के साथ प्राप्त किया। संस्कार स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा सहित छत्तीसगढ़ के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी कला को प्रस्तुत किया। जिसमें संस्कार पब्लिक स्कूल की यामी वैष्णव कक्षा 1 की छात्रा है। उनके पिता रूद्र वैष्णव एवं माता प्रिती वैष्णव संगीत के क्षेत्र से जुड़े हुए प्रशिक्षक हैं। यामी वैष्णव के इस सफलता से स्कूल के साथ साथ परिवार एवं जिले का भी नाम रौशन हुआ है।

## राजेश और चाहत एक साल के लिए जिलाबदर

**रायगढ़।** कलेक्टर व जिला दण्डाधिकरी कार्तिकेया गोयल ने 24 जून को आदेश जारी कर राजेश सिंह, पिता सुभाष सिंह, उम्र 40 वर्ष, निवासी लेबर कालोनी, जूटमिल चौकी जूटमिल रायगढ़ एवं चाहत शुक्ला उर्फ आदित्य, पिता स्व. अरुण शुक्ला, उम्र 23 वर्ष, निवासी रेल्वे स्टेशन, मोटर सायकल स्टैण्ड के पीछे, रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 क एवं ख के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा राजेश सिंह एवं चाहत शुक्ला को चौबीस घंटे के भीतर जिला रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर.चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। राजेश सिंह एवं चाहत शुक्ला को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर राजेश सिंह एवं चाहत शुक्ला के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यायालयों में 13 जुलाई को होगी नेशनल लोक अदालत

**सारंगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली द्वारा 13 जुलाई 2024 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया है। सिविल और राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन सम्बन्धी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगे, जिसमें मुकद्मा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भाण्दण्सं एवं कोविड.19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे। विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में भी 13 जुलाई को खण्डपीठों का गठन करते हुए, खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारेए वारिसों के मध्य बंटवारेए याददाश्त के आधार पर बंटवारे कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही आदि मामले रखे जाएंगे। के मामले भाड़ा नियंत्रण सम्बन्धी, सुखाधिकार सम्बन्धी, विक्रयपत्र, दानपत्र, वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे जाएंगे।

### साइबर फ्रॉड एवं अन्य अपराधों में अंकुश लगाने नए कानूनों में है कड़े प्रावधान : कलेक्टर

# न्याय संहिता के नए कानून त्वरित न्याय और निर्णय को देंगे बढ़ावा : देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



भारतीय न्याय संहिता पर कार्यशाला में उपस्थित अतिथि।



कार्यशाला में शामिल विभागीय अधिकारी व कर्मचारी।

आगामी 1 जुलाई 2024 से लागू हो रही नवीन कानून संहिताओं के संबंध में आज नगर निगम ऑडिटोरियमए पंजरी प्लांटए रायगढ़ में भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार नया कानून ला रही हैए जिससे जनसामान्य को त्वरित न्याय मिलेगाए वहीं अपराधियों को भी जल्द सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून और इसकी धाराओं में किया गया बदलाव 1 जुलाई 2024 से लागू हो जाएगा। इसका उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना हैए इसलिए नवीन कानून के बारे में हर सभी लोगों को जानकारी होना बहुत आवश्यक है। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने कहा कि अपराधियों के लिए नए कानून में गंभीर सजा एवं समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए कड़े प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अब सारे रिकार्ड ऑनलाईन और कम्प्यूटरीकृत हो रहे है। नये कानून में वह सब सुविधा लोगों को उपलब्ध होगीए जिससे न्याय और निर्णय शीघ्र मिलेगा। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि हमारा पहला कानून संविधान है। संविधान के अधीन बाकि कानून बनाये एवं अपनाए गए है। आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट के माध्यम से समाज में सामाजिक सौहाद्र्र एवं समरसता बनाए रखने के लिए बनाए गए है। आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी 1 जुलाई से कानून में हो रहे संशोधन की जानकारी देना है। हमें समझना होगा कि इन कानून से किसी भी तरह से हमारे निजी हितों में परिवर्तन या हनन नहीं हो रहा है, जो कानून प्रणाली में न्याय पाने की जिज्ञासा किसी समाज में होती है उसको और सरल बनाकर उसकी पहुंच बढ़ायी जा रही है। पुराने जमाने में आतंकवादी या साइबर फ्रॉड जैसे क्राईम नहीं होते थे। इन सब को परिभाषा में लाने के लिए जो आज हमारे लिए सामाजिक रूप से आवश्यक है, संशोधित नए कानून में शामिल किया गया है। इसी प्रकार बच्चों एवं महिलाओं के प्रति अपराध पर अंकुश लगाने एवं त्वरित न्याय देने हेतु जरूरी संशोधन किए गए है।

कलेक्टर श्री गोयल ने शिक्षकों को स्कूलए कॉलेजों में बच्चों को जानकारी के साथ ही उपस्थित जनसामान्य को जागरूक करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के निहित प्रावधानों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नया कानून हम सभी के लिए अपने कर्तव्य निर्वहन हेतु अत्यंत आवश्यक एवं लाभदायक सिद्ध होगी।

### उद्देश्य आम जनता को त्वरित न्याय दिलाना

इस नये प्रावधानों का मुख्य उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है। नए कानूनों में अपराधियों के लिए गंभीर सजा तथा समाज को अपराध मुक्त करने हेतु कड़े प्रावधान सम्मिलित है। नवीन कानूनों के तहत किसी भी व्यक्ति को ऑनलाईन एफआईआर दर्ज कराने की सुविधा भी प्रदान की गई है। यदि हम नए कानूनों के उद्देश्यों की बात करें तो इनका उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलावए नागरिक अभियुक्त तथा पीड़ित केन्द्रित कानूनों हेतु कल्याणकारी अवधारणा, कानूनी प्रक्रियाओं की सरलताए संक्षिप्त ट्रायल की सरलता, अनुसंधान में नवीन फारेंसिक टेक्नालॉजी का उपयोग, डिजिटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों संबंधी प्रावधानों के साथ समयबद्ध प्रक्रिया का पालन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयानुकूल परिवर्तन किए गए है। अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि नए कानून में भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। इसी तरह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है।



## डीसीएम ने किया निरीक्षण अनाधिकृत ब्रांड पर जुर्माना


**रायगढ़।** रेलवे स्टेशन में स्थित स्टॉलों में बिक रहे खाद्य व पेय पदार्थ की जांच करने के लिए मंगलवार को डीसीएम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्लेट फार्म नंबर 1 पर 2 स्टॉल व प्लेट फार्म नंबर 2 पर 1 स्टॉल पर अनाधिकृत खाद्य व पेय पदार्थ विक्रय करने पर जुर्माना लगाते हुए सामाग्री को जब्त किया। इस दौरान स्थानीय वाणिज्य निरीक्षक सहित स्वास्थ्य अधिकारी भी मौजूद रहे। मंगलवार को डीसीएम एस भारतीयन व निरीक्षक रजनीश स्वामी रेलवे स्टेशन में बिक रहे खाद्य व पेय पदार्थों के निरीक्षण में पहुंचे थे। जहां उन्होंने प्लेट नंबर 1 से 2 व 3 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लेट फार्म नंबर 1 पर दो स्टॉल में अमानक पेय पदार्थ की बिक्री पर जुर्माना करते हुए सामाग्री को जब्त किया। वहीं प्लेट फार्म नंबर 2 पर भी इसी तरह की कार्रवाई की गई।

- अमानक सामाग्री जब्त, तीन स्टॉलों पर अर्थदंड की कार्रवाई

इस दौरान बताया गया कि रेलवे द्वारा कुछ खाद्य पदार्थो के विक्रय को अधिकृत किया गया है। किंतु यहां उक्त स्टॉलों में दूसरे ब्रांड के पेय पदार्थों की बिक्री करना पाया गया। प्लेट फार्म नंबर 1 पर एचपीएमसी स्टॉल में हिमाचल प्रदेश के जूस ब्रांड आदि को अधिकृत किया गया है, किंतु यहां सेवन अप जैसे कोल्ड ड्रिंक की बिक्री की जा रही थी। इस निरीक्षण के दौरान स्टॉलों के संचालन से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की गई। अहम बात यह रही कि इस निरीक्षण की सूचना होने और अधिकारियों ने रायगढ़ स्टेशन में पहुंचने की सूचना मिलते ही कुछ स्टॉल संचालक जुर्माने की कार्रवाई से बचने के लिए अपने स्टॉल बंद कर स्टेशन से गायब हो गए। ऐसे में जब अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे तो स्टॉल बंद मिले।

## सभी कोषालयों में पेपरलेस ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत करना होगा देयक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



वित्त निर्देश में राज्य के सभी कोषालयों में 1 जुलाई 2024 से देयकों का प्रस्तुतीकरण सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से किये जाने का निर्देश जारी किया गया है। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा ई-कोष सॉफटवेयर में ई-पेरोल तथा ई-बिल मॉडयूल में ऑनलाईन माध्यम से देयक तैयार कर तथा डीएससी का उपयोग करने बाद देयकों को कोषालय हेतु अग्रेषित करेंगे तथा ई- पेरोल में सिस्टम से जनरेटेड होने वाले शेड्यूल में प्रत्येक में डीएससी तथा ई-बिल में एक डीएससी आवश्यक होगा। यदि पे-बिल के साथ कोई डॉक्यूमेंट अपलोड किया जाना है, तो साइन्ड डाक्यूमेंट पीडीएफ फॉर्मेट में अपलोड किया जाएगा, जिसमें डीएससी आवश्यक नहीं होगा। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन हेतु यह आवश्यक है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज की स्केनिंग करने हेतु समुचित क्षमता वाला स्केनर तथा अन्य आवश्यक इलेक्ट्रानिक सामग्री उपलब्ध हो तथा साथ ही वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी होना चाहिए। इस संबंध में ऑनलाईन देयकों के प्रस्तुतीकरण तथा निराकरण की प्रक्रिया का एसओपी पत्र के साथ संलग्न है। देयकों को तैयार करने के लिए मेकर बिल क्लर्क स्तर पर चेकर डीडीओ स्तर रखा गया है, जिसमें मेकर (बिल क्लर्क) द्वारा देयक तैयार कर चेक लिस्ट का परीक्षण किया जाएगा तथा चेकर (डीडीओ) द्वारा बीटीआर नं. बिल का परीक्षण तथा डीएससी किया जाएगा। कोषालय अधिकारी द्वारा संबंधित डीडीओ के लिए ऑनलाइन बीटीआर नंबर जारी किया जाएगा। इसी नंबर अनुसार देयक कोषालय में अग्रेषित किए जायेंगे। सभी डीडीओ द्वारा ऑनलाईन देयक की एक हार्डकापी निकालकर कार्यालय स्तर पर संधारित की जाएगी। बॉक्स

- सभी विभागों में स्पीड नेटवर्क व समुचित क्षमता वाला स्कैनर होना जरुरी

### सिस्टम में किया जाएगा दस्तावेज अपलोड

ई-पेरोल के अलावा अन्य सभी देयकों के लिए देयक में एक डीएससी तथा सभी संलग्नक उप प्रमाणक को स्कैनिंग कर अपलोड किया जाना होगा। इसमें डीएससी अनिवार्य नहीं होगा। यदि एक फाइल का साईज 15 एमबी से अधिक है तो फाइल साइज को कम्प्रेस कर अपलोड किया जाना होगा, कम्प्रेस करने हेतु ऑनलाईन उपलब्ध किसी सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा सकता है अथवा देयकों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है। सभी अटेचमेंट पीडीएफ फार्मेट में ही अपलोड किया जाना आवश्यक होगा।

## जेसीआई रायगढ़ सिटी का मिडकान इवेंट

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा इस वर्ष के 6 महीनों के सफल यात्रा के पूर्ण होने पर संस्था द्वारा अपने मेंबर्स एवं उनके परिजनों हेतु एक मीडकान इवेंट अर्थात मध्यांतर कार्यक्रम का आयोजन होटल श्रेष्ठ जिंदल रोड रायगढ़ में 23 जून को किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान संस्था के लगभग सभी सदस्य अपने परिजनों के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान रायगढ़ शहर में संस्था की स्थापना से लेकर अभी तक के सभी अध्यक्षों के कार्यकाल की झलकियां प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत की गई। संस्था द्वारा इस दौरान अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का भी आयोजन कराया गया, इसमें सभी पूर्व अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह, वाइस प्रेसिडेंटस अवार्ड, वर्ष के दौरान बढ़िया कार्य करने वाले सदस्यों को भी अवार्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान 1 मिनट कपल कंपटीशन प्रोग्राम, टैलेंट प्रोग्राम, डांसिंग, सिंगिंग प्रोग्राम इत्यादि अनेक प्रकार के मनोरंजन कार्यक्रम संस्था द्वारा कराए गए। इस प्रोग्राम के दौरान बच्चों के मनोरंजन हेतु विशेष रूप से गेम्स जोन बनाए गए थे जिससे कि बच्चे वहां जाकर अपना भरपूर मनोरंजन कर सकें।

## सिंगल सुपर फॉस्फेट एवं एनपीके डीएपी से बेहतर विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत अपनी कृषि जरूरत की ज्यादातर आपूर्ति आयात पर निर्भर करती है। उर्वरक मंत्रालय के रिपोर्ट अनुसार भारत 50 फीसदी फॉस्फेटिक उर्वरक का उत्पादन करता है। शेष माल विदेशों से आता है। पोटाश, फॉस्फोरस और नाईट्रोजन तीनो विदेशों से आते है।

विदेशों से डीएपी तैयार और रॉ मटेरियल दोनो रूप में मंगाई जाती है। जबकि भारत 80 फीसदी नाईट्रोजन (यूरिया) का उत्पादन करता है बाकि विदेश से आता है। जैसे ही खेती का सीजन आता है किसानों के बीच डीएपी की मांग बढ़ जाती है। चूंकि यह खाद विदेश से आता है। इसलिए इसकी आपूर्ति में समस्या उत्पन्न होती है। वहीं खेती के लिए लगभग 17 प्रकार के पोषक तत्वो की आवश्यकता होती है। जिसमें मुख्य पोषक तत्व नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश होता है। द्वितीयक पोषक तत्व सल्फर, मैग्नीशियम और कैल्शियम होता है तथा तृतीयक पोषक तत्व जिंक, आयरन और बोरान आदि होता है। डीएपी कि कमी के निदान हेतु कृषि विभाग और विशेषज्ञो ने सिंगल सुपर फॉस्फेट और एनपीके को डीएपी का बेहतर विकल्प माना है। तकनीकी तौर पर डीएपी, एनपीके और एसएसपी तीनो खादो की तुलना किया जा सकता है। डीएपी (18:46) में नाईट्रोजन 18 प्रतिशत एवं फॉस्फोरस 46 प्रतिशत मिश्रित रसायन होते है। इस खाद की प्रति एकड़ में 1 बोरा मात्रा की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार एनपीके 12:32:16 में नाईट्रोजन 12 प्रतिशत, फॉस्फोरस 32 प्रतिशत, पोटाश 16 प्रतिशत मिश्रित रसायन होते है। इस खाद की प्रति एकड़ में 1.5 बोरा मात्रा की आवश्यकता होती है। एसएसपी 16:11:8 में फॉस्फोरस 16 प्रतिशत, सल्फर 11 प्रतिशत, कैल्शियम 8 प्रतिशत मिश्रित रसायन होते है। इस खाद की प्रति एकड़ में 3 बोरा मात्रा की आवश्यकता होती है। डीएपी का आयात चीन, साउदी अरब, मोरक्को, रूस, बांगलादेश, इंडोनेशिया, थाईलैंड से किया जाता है। वर्तमान में डीएपी के लिए भारत रूस का सबसे बड़ा आयातक देश है। जिस पर निर्भर होने के कारण डीएपी खाद समय पर किसानो को नही मिल पाता है।

### खाद की किमतों में एक नजर




डीएपी खाद 1350.00 रूपए प्रति बोरा है। जबकि एसएसपी पावडर 470.00 रूपए प्रति बोरा, एसएसपी जिंकटेड 490.00 रूपए प्रति बोरा, एसएसपी दानेदार 510.00 रूपये प्रति बोरा, एनपीके (12:32:16) 1470.00 रूपये प्रति बोरा, एनपीके (20:20:0:13) 1199.00 रूपये प्रति बोरा, पोटाश 1625.00 रूपये प्रति बोरा एवं यूरिया 266.50 रूपये प्रति बोरा है। इन सीजन के लिए समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण कर लिया गया है। खेती के लिए खाद की समस्या न हो इसलिए किसानों को डीएपी खाद के साथ-साथ एनपीके एवं एसएसपी खाद का उठाव करने की अपील की गई है वहीं डीएपी खाद की पर्याप्त प्राप्ति के लिए विभाग प्रयासरत है। उक्त स्रोत उर्वरक मंत्रालय रिपोर्ट के आधार पर प्राप्त की गई है जिसकी सत्यता की सुनिश्चिता के लिए गूगल व यू-ट्यूब सर्च किया जा सकता है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



थाना घरघोड़ा में नाबालिक बालिका उसके परिजनों के साथ आकर अजय परिवर्तित नाम निवासी खरसिया' के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई।

बालिका के लिखित आवेदन अनुसार जनवरी 2024 को अजय इसके गांव सड़क बनाने मजदूरी का काम करने आया था जिससे जान परिचय हुआ और अजय से मोबाइल पर बात करती थी। अजय ने 01 मार्च 2024 को स्कूल से घर वापस लौटते समय जंगल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया था। बालिका के रिपोर्ट पर धारा 376,2,द और 4,6 पॉक्सो एक्ट कायम कर महिला संबंधी अपराध में समय सीमा का परिपालन करते हुए तत्काल घरघोड़ा पुलिस संदेही अजय परिवर्तित नाम को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में संदेही अजय द्वारा बालिका से केवल मोबाइल में बातचीत करना बताते हुए बालिका से कभी नहीं मिलना कहकर घटना कारित करने से इनकार किया।

## निलंबित पटवारी की इलाज के दौरान मौत

**रायगढ।** खरसिया एसडीएम ने 14 जून को पटवारी गोविंद सिदार को सस्पेंड किया था। उसी दिन वह रायगढ़ के अस्पताल में एडमिट हुआ था। पूर्व में जशपुर में ड्यूटीरत पटवारी गोविंद सिदार की एक साल पहले खरसिया ट्रांसफर किया गया था। लेकिन चार महीने पहले ही उसे रिलीव किया गया था। 14 जून को खरसिया एसडीएम प्रियंका वर्मा ने नक्शा बटांकन एवं अभिलेख शुद्धता कार्य में लापरवाही पाते हुए पटवारी गोविंद सिदार को निलंबित किया था। वह बसनाझर हलके में पदस्थ था।

## द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए टोल फ्री हेल्पलाईन नम्बर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती रेणु पिल्ले के संरक्षण में एवं सचिव श्रीमती पुष्पा साहू के आदेशानुसार छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा इस वर्ष द्वितीय मुख्य परीक्षा 2024 का आयोजन किया जा रहा है।

द्वितीय मुख्य परीक्षा में ऐसे विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते है जो प्रथम मुख्य परीक्षा में पंजीकृत हो ऐसे समस्त विद्यार्थी जो पूरक श्रेणी में है, अनुत्तीर्ण है अथवा उत्तीर्ण है, वे सभी द्वितीय मुख्य परीक्षा में शामिल होने आवेदन कर सकते है। विद्यार्थी, पालक, शिक्षक द्वितीय मुख्य परीक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश, समस्या, समाधान के लिए मण्डल के टोल फ्री नंबर में 24 जून से 02 जुलाई तक प्रातः 10.30 बजे से सायं 05 बजे तक संपर्क स्थापित कर सकते है। इस हेतु हेल्पलाईन नम्बर 18002334363 संचालित किया जा रहा है। उपसचिव जेके अग्रवाल के मार्गदर्शन, हेल्पलाइन नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार साहू के नेतृत्व, मण्डल के सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रीति शुक्ला, राजेन्द्र दुबे, श्रीमती मनीषी सिंह, श्रीमती गीता मिश्रा, प्रभात पाण्डे द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रश्नों, समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। हेल्पलाईन के द्वितीय दिवस में टोल फ्री नंबर पर जांजगीर, रायपुर, बलौदा बाजार, खैरागढ़, बलरामपुर, कवर्धा, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, कांकेर, जषपुर, कोरबा, मानपुर मोहला, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, जगदलपुर, गरियाबन्द जिलो से द्वितीय मुख्य परीक्षा संबंधी फार्म भरने की तिथि जो बच्चे सभी विषयों में उत्तीर्ण हो गये है वे भी शामिल हो सकते है क्या फार्म भरने के लिए क्या-क्या दस्तावेज लगेगा। ऑनालाईन फार्म भर रहा हूं तो पेमेंट सक्सेस नही दिखा रहा है जबकी पैसा कट गया है। दसवी पूनर्गणना-पुनर्मल्यांकन का रिजल्ट कब आयेगा, विद्यालय से फार्म कैसे भरना है, यदि द्वितीय मुख्य परीक्षा में अंक कम हो गया तो कैसे करेंगे? द्वितीय परीक्षा का केंद्र कहां मिलेगा? द्वितीय मुख्य परीक्षा का फीस कितना है? प्रवेश पत्र कब मिलेगा? जैसे प्रश्न हेल्पलाईन में पूछे गये।

- विद्यार्थी, पालक और शिक्षक दिशा-निर्देश, समस्या, समाधान के लिए 02 जुलाई तक कर सकते हैं संपर्क

## पेज 1 का शेष...

### फर्जी दस्तावेज के...

करना सबूत पाए जाने से प्रकरण में उक्त धारा जोड़ी गई है। जमीन संबंधी लाखों रूपये की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा स्वयं मानिटरिंग की जा रही थी एवं थाना प्रभारी रविशंकर तिवारी को आरोपी अंकित ताम्रकार की गिरफ्तारी कर आगामी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था। पतासाजी के दौरान आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था, इस हेतु मुखबिर एवं सायबर सेल को लगाया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी के फतेहपुर स्थित एक ईंटा भट्ठा में छिपे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर जाकर घेराबंदी कर अभिरक्षा में लेकर उसका मेमोरंडम कथन लिया गया। अपने कथन में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर षड्यंत्र कर फर्जी मूल्यवान दस्तावेज बनाकर प्रार्थी को जमीन दिलाने के नाम पर कुल 87 लाख 60 हजार रूपये का ठगी करना स्वीकार किया गया है। उसके कब्जे से ठगी की रकम से क्रय किया गया कार जब्त किया गया है। प्रकरण में पर्याप्त अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी अंकित ताम्रकार उम्र 27 साल निवासी सन्ना रोड जशपुर को 25 जून मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस प्रकरण के अन्य आरोपीगण फरार हैं, उनकी लगातार पतासाजी की जा रही है।

### झूठा प्रचार कर ...

के रूप में मौजूद है। पत्थलगांव की विधायक गोमती साय ने कहा कि आपातकाल कांग्रेस का महापाप है। तात्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तानाशाही और अत्याचार का पूरी कांग्रेस पार्टी ने समर्थन किया था। इसलिए उन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने कहा कि आपातकाल के दौरान केन्द्र की इंदिरा गांधी सरकार द्वारा किये गए घोर अत्याचार के गवाह आज भी हमारे बीच में उपस्थित हैं। उन्होनें कहा कि 49 साल बाद भी कांग्रेस अपनी तानाशाही रवैये से नहीं उबर पाई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता, जिला महामंत्री भरत सिंह एवं मुकेश शर्मा, प्रदेश कार्य सदस्य नरेश नंदे, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, श्रीमती जया सिंह जूदेव, ओमप्रकाश साय, भाजयुमो अध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नपा उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, सुरेश राम भगत, रूपेश सोनी, देवधन नायक, संतोष सिंह, संजीव ओझा, सलोने मिश्रा, प्रभाकर यादव, मंगल राम, संतोष सहाय, रजनी प्रधान, रीना बरला, ममता कश्यप, अनिता सिंह, शारदा प्रधान, पिंकी गुप्ता, गोविंद भगत, उमेश प्रधान, गणेश गुप्ता, विजय सहाय, शरद चौरसिया, नीतू गुप्ता, दीपक गुप्ता, सज्जु खान, अरविंद भगत, कृपा शंकर भगत, मुकेश सोनी, राजा सोनी, हिमांशु वर्मा, आकाश गुप्ता, अभ्युदय मिश्रा, विनोद निकुंज, अभिषेक गुप्ता, चंदन गुप्ता सहित पार्षद एवं पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सब्जी बीज, फलदार ...

सदस्यों को स्व सहायता समूह में जोड़कर उन्हें विभिन्न कार्यों के माध्यम से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। बगीचा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम राजपुर, भीतघरा, मधुपुर, कवई, महनई, समरबार, कमरिमा में शिविर लगाकर विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया गया। 27 जून कोदनगिरी, ब्लादारपाठ कुहापानी में, 28 जून को बुटंगा, बच्छरांव, कुटमा में और 29 जून को शारदाधापठ, रोकड़ापाठ, देवडांड़ में शिविर लगाकर विभिन्न मांग समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। विगत दिनों पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत आयोजित राजपुर शिविर में उद्यान विभाग ने विधायक श्रीमती रायमुनी भगत जशपुर के प्रतिनिधि श्रीमती मुकता देवी के हाथों से पहाड़ी कोरवा एवं विरहोर 72 परिवारों को सब्जी बीज, फलदार, खाद के 72 मिनीकिट निःशुल्क वितरण किए गए। इस दौरान श्री आर एस तोमर सहायक संचालक उद्यानद्वारा पहाड़ी कोरवा एवं विरहोर परिवारों को पौध रोपण करने एवं सब्जी लगाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

